

# बुमराह-जडेजा का कहर

## भारत बनाम इंग्लैंड तीसरा टेस्ट : पहले दिन भारतीय टीम हावी

**लंदन, 10 जुलाई .लॉर्ड्स में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट के पहले दिन भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा की धारदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने दिन के खेल में मजबूत पकड़ बना ली है।**

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन उनकी शुरुआत अच्छी नहीं रही। युवा तेज गेंदबाज नीतीश रेड्डी ने शुरुआती सत्र में ही सलामी बल्लेबाज क्रॉली सहित दो विकेट झटककर भारत को महत्वपूर्ण सफलता दिलाई। लंच तक इंग्लैंड का स्कोर 83/2 था। दूसरे सत्र में इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने शानदार अर्धशतक जड़ते हुए पारी को संभाला। उन्होंने कुछ अच्छी साझेदारी भी की, जिससे इंग्लैंड ने दबाव कम करने की कोशिश की। इस सत्र में कोई विकेट नहीं

- **नीतीश रेड्डी ने झटके दो शुरुआती विकेट**
- **इंग्लैंड के खिलाड़ी जो रूट ने ठोका शानदार अर्द्धशतक**
- **ऋषभ पंत चोटिल, जुरेल ने संभाली जिम्मेदारी**
- **जडेजा-पंत की जोड़ी ने ओली पोप को लौटाया**

गिरा, हालांकि भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत को हाथ में चोट लगने के बाद मैदान छोड़ना पड़ा और उनकी जगह ध्रुव जुरेल ने ली। चायकाल तक इंग्लैंड का स्कोर 153/2 था।

तीसरे सत्र की शुरुआत भारत के लिए बेहतरीन रही। चायकाल के ठीक बाद रवींद्र जडेजा ने ओली पोप को आउट कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई, जिसमें जुरेल का बेहतरीन कैच भी शामिल था। इसके तुरंत बाद, जसप्रीत बुमराह ने हैरी ब्रूक के स्टंप्स बिखेरते हुए इंग्लैंड को बड़ा झटका दिया। ब्रूक, जो पिछले मैच के शतकवीर थे, बुमराह की सटीक गेंद पर कोई जवाब नहीं दे पाए। ब्रूक के आउट होने के बाद इंग्लैंड का स्कोर 172/4 हो गया। दिन के खेल के अंत तक, भारत ने अपनी मजबूत गेंदबाजी से इंग्लैंड पर दबाव बनाए रखा। यह दिन भारतीय टीम के नाम रहा, जिसने महत्वपूर्ण विकेट लेकर मैच में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

## भारत बनेगा शूटिंग स्पर्धाओं का केंद्र

**नयी दिल्ली, 10 जुलाई (वार्ता)** अंतरराष्ट्रीय शूटिंग खेल महासंघ (आईएसएसएफ) द्वारा 2027 और 2028 के वैश्विक कैलेंडर को अंतिम रूप दिए जाने के बाद, भारत को अगले तीन लगातार वर्षों के लिए प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिताओं की मेजबानी के लिए आधिकारिक रूप से चयनित किया गया है। हाल ही में नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) को भेजे गए एक पत्र में आईएसएसएफ ने पुष्टि की है कि भारत 2027 में आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/ पिस्टल/ शॉटगन) की मेजबानी करेगा। भारत 2028 में आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) की मेजबानी करेगा। यह भारत को शूटिंग खेलों के लिए एक भरोसेमंद और सक्षम वैश्विक गंतव्य के रूप में और अधिक स्थापित करता है। इस गति को आगे बढ़ाते हुए, भारत नवंबर 2025 में शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) के पहले संस्करण की मेजबानी भी करेगा — यह एक महत्वाकांक्षी और अग्रणी पहल है, जिसका उद्देश्य शूटिंग खिलाड़ियों के लिए एक पेशेवर लीग मंच तैयार करना है। एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने अपने उत्साह को साझा करते हुए कहा, एलए ओलंपिक को लक्ष्य बनाते हुए, आगामी वर्षों में हर साल कम से कम एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह वरिष्ठ खिलाड़ियों की तैयारी को मजबूती देता है.

# फाइनल में अमांडा अनीसिमोवा

## सेमीफाइनल में सबालेंका को हराया



**लंदन, 10 जुलाई.**अमेरिका की टेनिस स्टार अमांडा अनीसिमोवा ने गुरुवार को विंबलडन 2025 के सेमीफाइनल में विश्व नंबर एक आर्यना सबालेंका को 6-4, 4-6, 6-4 से हराकर अपने करियर का पहला ग्रैंड स्लैम फाइनल में प्रवेश किया। विश्व में 12वीं वरीयता प्राप्त अनीसिमोवा ने दो घंटे 36 मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के खिलाफ अपनी 13वीं करियर जीत दर्ज की। सेंटर कोर्ट पर खेले गए इस सेमीफाइनल में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। पहले सेट में सबालेंका की डबल फॉल्ट ने अनीसिमोवा को निर्णायक ब्रेक और सेट जीतने में मदद की।

- **दो घंटे 36 मिनट चला मुकाबला**
- **अनीसिमोवा की कॅरियर की 13वीं बड़ी जीत**

दूसरे सेट में सबालेंका ने वापसी की और मैच को बराबरी पर ला दिया। निर्णायक तीसरे सेट में, अनीसिमोवा ने अपनी दृढ़ता दिखाते हुए डबल ब्रेक हासिल किया और अंततः मैच प्वाइंट पर जीत दर्ज की। सबालेंका ने हार मानने से इनकार करते हुए मैच प्वाइंट पर भी वापसी की कोशिश की, लेकिन अनीसिमोवा ने अपनी चौथी मैच प्वाइंट पर जीत पक्की कर ली। यह अनीसिमोवा के लिए एक शानदार सफर रहा है, क्योंकि 2022 के बाद यह चैंपियनशिप में उनकी पहली मुख्य ड्रॉ उपस्थिति थी। उन्होंने अपने प्रदर्शन से साबित किया है कि वह बड़े मंच पर शीर्ष खिलाड़ियों को हराने में सक्षम हैं।

> मैच के बाद अनीसिमोवा ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा, यह अभी भी वास्तविक नहीं लग रहा है। आर्यना एक बहुत ही कठिन प्रतिस्पर्धी हैं और मैं वहां पूरी तरह से थक गई थी। मुझे नहीं पता कि मैंने यह कैसे किया।

### देविशा-सूर्यकुमार और बुमराह-संजना ने विम्बलडन में लगाया ग्लैमर का तड़का

सबसे बड़ा ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट विंबलडन धीरे-धीरे अपने अंजाम तक पहुंचने जा रहा है। इस बीच भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव पत्नी देविशा के साथ विंबलडन मैच देखने पहुंचे, जबकि जसप्रीत बुमराह ने भी पत्नी संजना के साथ विंबलडन का मैच देखा। इन दोनों की तस्वीरें विंबलडन ने सोशल मीडिया पर साझा की हैं। सूर्यकुमार हर्निया की सर्जरी के लिए यूरोप गए थे। जर्मनी में उनकी सर्जरी हुई थी। इसके बाद वह पत्नी के साथ क्रिकेट से ब्रेक का आनंद ले रहे हैं। इसी कड़ी में वह इंग्लैंड पहुंचे। वहीं, बुमराह भारतीय टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर हैं। विंबलडन ने सूर्यकुमार और बुमराह का आभार भी जताया है। अब तक क्रिकेट जगत से कुल 11 सितारे विंबलडन 2025 के मुकाबले देखने पहुंच चुके हैं। इससे पहले क्रिकेट जगत से दीपक चाहर पत्नी जया भारद्वाज के साथ विंबलडन देखने पहुंचे थे। वहीं, विराट कोहली ने भी पत्नी अनुष्का के साथ विंबलडन का मुकाबला देखा था। वहीं, इंग्लैंड के सुपरस्टार जो रूट भी पत्नी कैरी कॉटरेल और जेम्स एंडरसन पत्नी डैनिएला लॉयड के साथ विंबलडन देखने पहुंचे थे। वहीं, महान ब्रायन लारा भी इसमें हाजिरी लगा चुके हैं। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स भी भारत और इंग्लैंड के बीच जारी टेस्ट सीरीज से समय निकालकर विबंलडन का लुत्फ उठाने पहुंचे।

### एक नजर में

## एबी ट्रांसफॉर्मेशन ने जीती ट्रॉफी

**अलीगढ़,** अतरौली नगर की प्लेयर च्वाइस क्रिकेट अकादमी में आयोजित अतरौली प्रीमियर लीग का फाइनल मैच एबी ट्रांसफॉर्मेशन और प्राइड इंटरनेशनल के बीच खेला गया। इसमें एबी इनफॉर्मेशन ने ट्रॉफी जीती। टॉस जीत कर प्राइड इंटरनेशनल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 66 रन बनाए। जिसमें पवन ने 11 व सुमित ने 13 रन का योगदान दिया। कृष ने तीन, परितोष ने दो, विजय, आशीष और सौरभ ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में उतरी एबी इनफॉर्मेशन ने एक विकेट के नुकसान पर 14 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। प्रशांत 40 रन बनाकर आउट हुए। परितोष ने 15 व दिनेश ने 9 रन बनाए। एकमात्र विकेट हिमांशु वर्मा को मिला। सीरीज में 329 रन और 17 विकेट के साथ परितोष राज सबसे बेहतरीन ऑलराउंडर रहे। उन्हें मैन ऑफ द सीरीज का खिताब दिया गया। 186 रन बनाने पर सुमित सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, 18 विकेट लेने पर हर्ष चौहान सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, 11 कैच लेने वाले प्रशांत सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक चुने गए।



## जिला स्तरीय खेलकूद में खिलाड़ियों का जलवा

**बरेली .** बरेली के स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहीं जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन बुधवार को विभिन्न खेलों के फाइनल, सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। विजेताओं को अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी गीता शर्मा ने पुरस्कृत किया। बास्केटबॉल के मुकाबलों को बारिश के कारण स्थगित करना पड़ा। इसमें डीपीएस, आर्मी पब्लिक स्कूल, स्टेडियम और हार्टमैन की टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। मुकाबले 14 जुलाई को दोपहर दो बजे से खेले जाएंगे।

## जॉन ग्वाइट ने पोलैंड रेस में रचा इतिहास

**नई दिल्ली .** भारत के अल्ट्रा-एंड्योरेंस साइकिलिस्ट जॉन ग्वाइट ने इतिहास रचते हुए दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण साइकिलिंग स्पर्धाओं में से एक रेस अराउंड पोलैंड (आरएपी) को 10 दिनों से भी कम समय में पूरा कर नया राष्ट्रीय कीर्तिमान रच डाला। ग्वाइट ने कई बाधाओं को पार करते हुए 3,600 किलोमीटर की दूरी 237 घंटे में पूरी की। उन्होंने इसके लिए कुल नौ दिन और 21 घंटे का समय लिया है। ग्वाइट ने रेस पूरी करके 274 घंटे के पिछले भारतीय रिकॉर्ड को तोड़ा। वह 10 दिन से कम में इस रेस को पूरा करने वाले देश के पहले साइकिलिस्ट हैं। ग्वाइट ने अन्य प्रतिभागियों की तरह अकेले और बिना किसी सहायता के प्रतिस्पर्धा की। रेस के दौरान साइकिलिस्टों को कोई टीम कार या कोई बाहरी सहायता नहीं दी गई थी। यह रेस इस वजह से भी कठिन हैं, क्योंकि रेस में दुर्गम रास्तों से गुजरते हुए 31 हजार मीटर की ऊंचाई तक जाना होता है। यह रेस एक अन्य कठिन साइकिलिंग स्पर्धा रेस अक्रॉस अमेरिका के लिए एक क्वालिफायर इवेंट भी है।



## गुरविंद्र टोली बना रहे क्रिकेट ड्रीम ग्राउंड

**नई दिल्ली .** फिरकी से बल्लेबाजों को नचाने वाले पूर्व ऑफ स्पिनर गुरविंद्र सिंह टोली अब ऐसा मैदान के निर्माण में जुटे हैं, जहां भविष्य की ऐसी पौध तैयार हो जो अंतरराष्ट्रीय फलक पर चमक बिखरे। पूर्व रणजी खिलाड़ी इसके लिए पांवटा साहिब के बहराल में क्रिकेट ग्राउंड का अपनी जमा पूंजी से निर्माण करवा रहे हैं। हिमाचल के पूर्व रणजी क्रिकेटर गुरविंद्र सिंह टोली का सपना देश-प्रदेश स्तरीय खिलाड़ी तैयार करना है। इसके लिए जीवन भर की जमा पूंजी व भारी कर्ज लेकर खुद ही क्रिकेट मैदान तैयार कर रहे हैं।



# भारतीय महिला टीम ने रचा इतिहास

## चौथे टी-20 में इंग्लैंड को छह विकेट से हराया

**मैनचेस्टर, 10 जुलाई (वार्ता)** राधा यादव और श्री चरणी (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद स्मृति मंधाना (32) और शेफाली वर्मा (31) की शानदार पारियों की मदद से भारतीय महिला टीम ने चौथे टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को 18 गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया।

इसी के साथ भारतीय टीम ने पांच मैचों

- **राधा यादव और श्री चरणी ने लिए दो-दो विकेट**
- **मंधाना-शेफाली की सलामी जोड़ी ने रखी नींव**

की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त बना ली है। राधा यादव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। बुधवार देर रात खेले गये मुकाबले में इंग्लैंड के 127 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय महिला टीम के लिए स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की

> इससे पहले इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 126 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी.

सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 56 रन जोड़े। सातवें ओवर में शार्लेट डीन ने शेफाली वर्मा (19 गेंदो में 31 रन) को आउट इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी जेमिमाह रॉड्रिग्स ने मंधाना के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। नौवें ओवर में सोफी एक्लस्टोन ने स्मृति मंधाना (31 गेंदों में 32 रन) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। भारत का तीसरा विकेट कप्तान हरमनप्रीत कौर (26) रन के रूप में गिरा। अमनजोत कौर (दो) रनआउट हुई। भारतीय टीम ने 17 ओवर में चार विकेट पर 127 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत

## फीफा रैंकिंग में भारतीय फुटबॉल टीम फिसली

**चेन्नई, 10 जुलाई.**भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम गुरुवार को जारी नवीनतम फीफा रैंकिंग में छह स्थान फिसलकर 133वें पायदान पर आ गई है। यह लगभग एक दशक में भारत की सबसे निचली रैंकिंग है, इससे पहले दिसंबर 2016 में टीम 135वें स्थान पर थी। ब्लू टाइगर्स का प्रदर्शन 2023 के अंत से लगातार गिरता जा रहा है जब टीम ने तीन ट्रॉफियां जीती थीं और शीर्ष 100 में जगह बनाई थी। मुख्य कोच के रूप में इगोर स्टिमैक की जगह मैनुअल मार्केज़ को लाने से भी कोई खास मदद नहीं मिली, क्योंकि भारत 16 महीने से अधिक समय से कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं जीत पाया है।

# भारत 'ए' ने आयरलैंड को हराया

## उत्तम सिंह ने शुरुआत में गोल कर टीम को दिलाई बढ़त

**आइंडहोवन, (नीदरलैंड) 10 जुलाई (वार्ता) भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने अपने दूसरे मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए आयरलैंड को 6-0 से हराया। भारत ने आयरलैंड को पहले मैच में 6-1 से हराया था।**

- **कप्तान संजय ने गोल कर टीम की बढ़त को दोगुना किया**

बुधवार को यूरोपीय दौरे पर खेले गये दूसरे मुकाबले में भारत ए के उत्तम सिंह ने शुरुआत में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। कप्तान संजय ने गोल कर बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद मिडफील्डर मोहम्मद राहील मौसीन ने लगातार दो प्रभावशाली गोल दागे। अमनदीप लाकड़ा और वरुण कुमार की ओर से किये एक-एक गोल किये। टीम के शानदार खेल की बदौलत भारत ए ने आयरलैंड को 6-0 से हराकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की।

### कोच प्रदर्शन से खुश

मैच के बाद भारतीय ए टीम के कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा, ऊआयरलैंड के खिलाफ हमारे दो मैच वाकई अच्छे रहे हैं और मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हूँ। अब हमारा मुकाबला फ्रांसीसी टीम से होगा और उम्मीद है कि हम उतना ही प्रभावशाली प्रदर्शन करेंगे। भारत ए पुरुष हॉकी टीम का अगला मुकाबला इसी मैदान पर शनिवार को फ्रांस से होगा।

# पीएसजी ने रियल मैड्रिड को 4-0 से हराया

## फीफा क्लब विश्व कप सेमीफाइनल में बड़ी जीत

**न्यूयॉर्क, 10 जुलाई (वार्ता) पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने स्पेनिश दिग्गज रियल मैड्रिड को 4-0 से रौंदकर फीफा क्लब विश्वकप 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। अब उसका मुकाबला पहले सेमीफाइनल की विजेता चेल्सी एफसी से होगा।**

मेटलाइफ स्टेडियम में बुधवार रात खेले गये दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में पीएस जी की ओर से फैबियन रुइज ने (छठे, 24वें) मिनट में गोल किये। वहीं ओस्मान डेम्बेले ने नौवें मिनट में गोल दागा। इसके आलवा स्थानापन्न गोंकालो रामोस ने 87वें मिनट में गोल करके अपनी की जीत सुनिश्चत कर दी। इस जीत के साथ ही फ्रांसीसी चैंपियन ऐतिहासिक चौथा खिताब जीतने के बेहद करीब पहुँच गया है। मुकाबले में दो बेहतरीन गोल करने वाले रुइज को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। मुकाबले की शुरुआत से ही

- **फाइनल में चेल्सी से भिड़ेगा पीएसजी**



दबाव में रही रियल मैड्रिड रक्षात्मक चूकों से कभी उबर नहीं पाई। कोच ज़ाबी अलोंसो को रक्षात्मक पंक्ति में फेरबदल करना पड़ा क्योंकि डीन हुइजसेन निलंबित थे और ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड चोटिल थे। उनकी जगह आए राउल असेंशियो को संघर्ष करना पड़ा.

### बोले जम्बो | अनिल कुंबले ने मैच सेंटर लाइव पर की बुमराह, नीतीश रेड्डी और इंग्लैंड की बल्लेबाज़ी की विस्तृत समीक्षा

# असमान उछाल वाली पिच पर भारत को स्लिप में ज्यादा सतर्क रहना होगा

**नयी दिल्ली, 10 जुलाई (वार्ता) तीसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल शुरू होते ही, जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ अनिल कुंबले ने शुरुआती सत्र, नीतीश कुमार रेड्डी के जरिए भारत को मिली शुरुआती सफलताओं और नई गेंद से निपटने में इंग्लैंड के प्रदर्शन पर चर्चा की।**

तीसरे टेस्ट के पहले दिन गुरूवार को पहले सत्र के बाद मैच सेंटर लाइव पर बात करते हुए, अनिल कुंबले ने भारत और इंग्लैंड के बीच शुरुआती मुकाबलों पर अपना आकलन साझा किया. मुझे लगता है कि दोनों टीमें इस सत्र के परिणाम से काफी हद तक खुश होंगी। भारत को लग सकता है कि उसने एक और विकेट लेने का मौका गंवा दिया, खासकर दो शुरुआती आउट होने के बाद। दिलचस्प बात यह थी कि सफलता बुमराह, आकाशदीप या सिराज से नहीं मिली - यह नीतीश कुमार रेड्डी थे जिन्होंने आगे बढ़कर न केवल एक, बल्कि दो महत्वपूर्ण विकेट लिए। आगे बढ़ते हुए, स्लिप क्षेत्ररक्षण महत्वपूर्ण होगा। उछाल और गति में निरंतरता नहीं रही है - गेंद हमेशा आसानी से कीपर के पास नहीं पहुंच रही है - इसलिए भारत को घेरे में सतर्क रहना होगा। नीतीश कुमार रेड्डी के नई गेंद से आश्चर्यजनक प्रभाव के बारे में- यह उनकी लंबाई और उनके हाई-आर्म एक्शन का नतीजा था - यही अंतर पैदा करता था।



इस सतह पर, जोफ्रा आर्चर जैसा गेंदबाज बहुत खतरनाक हो सकता है, और नीतीश ने इसकी झलक दिखाई। यहां की ढलान गेंद को बाएं हाथ के बल्लेबाज से दूर ले जाने में मदद करती है, और दुर्भाग्य से बेन डकेट दो बार इसका शिकार हुए। क्रॉली के आउट होने की बात करें तो वह एक खूबसूरत पारी थी। उनकी लंबाई और लाइन बिल्कुल सही थी, और गेंद पिच से इतनी दूर गई कि किनारे तक पहुंच गई। यह ऐसी पिच है जहां आप टीमों को यूं ही नहीं हरा सकते; आपको धैर्य की जरूरत होती है। अगर भारत इंग्लैंड को 300 से कम रनों पर आउट कर देता है, तो वे इसे अपना काम बखूबी निभाना समझेंगे।

जसप्रीत बुमराह के दिन के पहले स्पैल पर विचार करते हुए वह ढलान का सामना करने की कोशिश कर रहे थे और शायद उस दूर की गति को प्राप्त करने के लिए कुछ ज्यादा ही कोशिश कर रहे थे। वह आकार तो बना रहे थे, खासकर बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ, लेकिन लाइन पूरी तरह से नहीं बन पा रही थी, यह बहुत चौड़ी थी, जिससे बल्लेबाजों को बाहर निकलने या समायोजित होने का पर्याप्त समय मिल गया। बुमराह के साथ, हमेशा दबाव रहता है क्योंकि वह गेंदबाजी की अगुवाई करते हैं। मुझे विश्वास है कि जब वह लंच के बाद वापसी करेंगे, तो वह ज्यादा सहज होंगे.